तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 7 जून 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाली का संकल्प...

12 प्रदेश स्तरीय सर्व कुर्मी समाज सम्मेलन...











## खबर संक्षेप

### विश्व साइकिल दिवस पर निकलेगी साइकिल रैली




**बालोद।** विश्व सायकल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत 07 जून को प्रातः 06 बजे से जिला मुख्यालय बालोद स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में सायकल रैली का आयोजन किया गया है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि संडे ऑन सायकल सायकल रैली बालोद में सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से प्रारंभ होकर, घड़ी चैक, पुराना बस स्टैण्ड, सदर मार्केट से होते हुए मधु चैक, कचहरी चैक वापस घड़ी चैक होते हुए कार्यक्रम स्थल सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में समाप्त होगी। उक्त आयोजन में सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे।

### खेलते-खेलते तालाब में गिरा मासूम, डूबने से दो वर्षीय बालक की मौत

**गुण्डरदेही।** खेल खेल मे कसौंदा के दो साल की मासुम बच्चे की तलाब मे डुबने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार की शाम की बताई जा रही है बताया गया कि कसौंदा निवासी हेंमराज साहू के पुत्र दो वर्षीय खिलेंद्र साहू शुक्रवार को घर से लगे तालाब के पास बैंट बाल खेल रहे थे, खेलते–खेलते बाल अचानक तालाब के नीचे जा गिरा, जिसे पचरी के सहारे बच्चे उतरकर लाने जा रहे थे तभी अचानक उनका पैर फिसला और पानी मे जा गिरा, जहां उनकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि घटना के समय शाम को सभी सदस्य घर मे ही थे, घर का दरवाजा खुला हुआ था, बच्चे चुपचाप घर से खेलने निकल गए घर और तालाब लगा हुआ है, घर के सदस्यो ने समझा कि बच्चे घर के बाहर ही खेल रहे होगे। इधर परिजन को घटना की जानकरी नही थी परिजन बच्चे को आस पास जगहो पर खोजते रहे बाद मे तालाब मे जाकर देखा तो बच्चा तालाब के पानी मे नजर आया जहां उनकी मौत हो गई थी। इधर इस घटना से परिजन व गांव मे मातम छाया हुआ है। जहां मासुम बच्चों को नम आंखो से उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की दो बड़ी बहने में एकलौता भाई था। एक आठ साल व दुसरा तीन साल की है।

### सड़क हादसे में मौतों में 18 फीसदी कमी पुलिस के अभियान का सकारात्मक असर

# बालोद में सड़क दुर्घटनाओं की मृत्यु दर में 18.33 प्रतिशत की कमी, पुलिस के अभियान का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने पर कार्यवाही के परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में विगत वर्ष की तुलना में मृत्यु दर में 18.33 प्रतिशत की कमी आई।

बालोद पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर वर्ष 2026 शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 324 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय पेश करने पर 34,26,700 रूपये का अर्थदण्ड हुआ। वर्ष 2026 में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 17612 वाहन चालकों पर कार्यवाही किया गया। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 879 वाहन चालकों एवं बिना सीट बेल्ट के 441 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई।



थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर विशेष अभियान चलाकर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है। चालानी कार्यवाही के साथ ही जागरूकता अभियान एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने पर कार्यवाही के परिणामस्वरूप विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरणों में एवं मृत्यु दर में 18.33 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2025 में 238 सड़क दुर्घटनाओं में 120 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी जो इस वर्ष 2026 में 230 सड़क दुर्घटनाओं में 98 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। वर्ष 2026 में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले 17,612 ▶▶| शेष पेज 10 पर

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती, 324 चालकों पर कार्रवाई

यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है कि नेशनल हाईवे में बड़ी वाहनों को अवैधानिक रूप संकटापन्न स्थिति में खड़ी न करे, शहर में व्यस्तम मार्ग में सड़क किनारे अवैधानिक रूप से नो पार्किंग में वाहन खड़ी न करे, शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन करे आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील किया है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

# युवक ने छात्रा पर ब्लेड से किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नंबर ब्लाक करने पर युवक ने युवती पर ब्लेड से हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवती ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 109(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम ठेमा बुजुर्ग निवासी दसवी कक्षा पढ़ने वाली छात्र ने पुलिस को बताया कि कक्षा दसवीं पास की हूं, अगले साल ग्वाईरहवीं कक्षा में पढूंगी। मैं मोहला में रहकर पढाई कर रही हूं, छुट्टी लगने से अपने गांव चली गई थी, तब से अपने घर पर ही रह रही थी। ग्राम चवेला संबलपुर का रहने वाला लुकेन्द्र तिवारी से जान पहचान जनवरी–2026 में ग्राम डौंडी मेला में हुआ था, तब लुकेन्द्र मुझसे मेरा मोबाईल नंबर मांगा था, उसके बाद से लुकेन्द्र मुझसे मोबाईल से बातचीत करने लगा, कुछ दिन बाद, लुकेन्द्रा कहने लगा कि तुम किसी और से बात करती हो, सिर्फ मेरे से बातचीत किया करो और इधर उधर मत धुमा करो कहकर डांटने लगा, तो मैं लुकेन्द्र तिवारी के मोबाईल नंबर को अपने मोबाईल में ब्लाध्क कर दी, तो लुकेन्द्र मुझे दूसरों के नंबर से फोन कर लगातार धमकी चमकी देता था।

इसी दौरान लुकेन्द्र मेरे घर ठेमा बुजुर्ग बरबट्टी पारा आया, उस समय मेरे मॉ बाबूजी खेत गये हुए थे, घर में मेरा छोटा भाई, छोटी बहन घर पर थे। उसी समय लुकेन्द्र तिवारी आया और मुझे कहने लगा कि तुम मेरा नंबर ब्लाक कर दी हो और किससे किससे बात करती हो कहने लगा, तो मैं उसे बोली कि मैं तुमसे बात नहीं करना चाहती, तो मेरे लिये गुस्साा हो गया और कहने लगा कि तुम मेरे से बात नहीं करना चाहती तो मैं तुमको जान से मार डालूंगा कहते हुए अपने पास रखे धारदार ब्लेड को निकलकर मुझे जान से मारने की नियत से, मेरे उपर जानलेवा हमला करते हुए ब्लेड से मारकर गला व कान के पास मारकर चोंट पहुंचाया और भाग गया, तब मैं मोहला में रहने वाली अपनी फूल बहन काजल को मोबाईल से बतायी कि मैं मोहला आ रही हूं, उसके बाद बस से मोहला आकर काजल को घटना के बारे में बतायी, तब काजल ने मुझे सरकारी अस्पताल मोहला ले गयी, वहां पर मेरा ईलाज हुआ है।

# फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर जमीन बेचने का मामला, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर जमीन बिक्री करने वाले आरोपी को बालोद पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार किया। 1 एकड 60 डिसमिल कृषि भूमि को आरोपी ने 15,00,000 रूपये में सौदा किया था। आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग किये वीवो कंपनी का मोबाइल को जप्त किया गया। आवेदक डमेन्द्र कुमार गंजीर निवासी लाटाबोड जिला बालोद द्वारा के स्वामित्व, नाम पर ग्राम लाटाबोड पटवारी हल्का नम्बर 10 में भूमि खसरा नम्बर 355/1 रकबा 0.62 हेक्टेयर (1.55 एकड) एवं भूमि खसरा नम्बर 239/2 रकबा 0.020 हेक्टेयर (5 डिसमिल) इस प्रकार कुल 1 एकड 60 डिसमिल कृषि भूमि जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक पी– 4088086 डमेन्द्र कुमार के नाम पर तहसील कार्यालय बालोद से जारी हुआ है। आरोपी हरिशंकर गजभिये पिता सुकलाल गजभिये निवासी ग्राम परसोदा थाना बालोद एवं नरेन्द्र बहादुर सोनी पिता



- 15 लाख रुपये में हुआ था जमीन का सौदा
- 1.60 एकड़ जमीन के लिए तैयार की थी फर्जी ऋण पुस्तिका, 1.50 लाख रुपये बयाना लेने का आरोप

चन्द्रबहादुर सोनी निवासी ग्राम खैरतराई थाना बालोद दोनो मिलकर डमेन्द्र कुमार गंजीर की उक्त भूमि का फर्जी ऋण पुस्तिका क्रमांक पी 4088086 तैयार कर 24.04.2026 को विनोद कुमार वर्मा एवं उसकी पत्नि कमला वर्मा निवासी ग्राम देवारभाट के पास जाकर हरिशंकर गजभिये ने स्वयं को जमीन का मालिक डमेन्द्र कुमार गंजीर होना बताकर एवं अपने साथी नरेन्द्र बहादुर सोनी के साथ मिलकर उक्त जमीन को 15 लाख रूपये में बिक्री करने का सौदा कर कमला वर्मा से 1,50,000 रूपये बयाना राशि प्राप्त कर इकरारनामा तैयार कर जमीन ऋण पुस्तिका को कमला वर्मा को दिया है। जो कि आरोपीगणों के द्वारा धारा 318 (4), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 3(5) का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी नरेन्द्र बहादुर सोनी को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर बताया कि हरिशंकर गजभिये के साथ मिलकर डमेन्द्र कुमार गंजीर की नाम की फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर जमीन बिक्री करने 15 लाख रूपए में कमला वर्मा से सौदा कर ब्याना राशि 1,50,000 रूपए प्राप्त करना किन्तु कमला वर्मा को फर्जी ऋण पुस्तिका के ▶▶| शेष पेज 10 पर



### जिले में 54,151 स्वीकृत आवासों में से 48,275 हो चुके हैं पूर्ण

# पीएम आवास योजना में बालोद को मिली बड़ी राहत 3077 हितग्राहियों के लिए 9.53 करोड़ रुपए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण कार्योंं में तेजी लाने वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य के सभी जिलों को 2677.15 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई है। यह राशि केंद्रीय और राज्यांश मद से एसएनए स्पर्श मॉड्यूल के माध्यम से आबंटित की गई है, जिससे पात्र हितग्राहियों के घर समय पर और पारदर्शी तरीके से बन सकें।

इसी क्रम में बालोद जिले में पीएम आवास योजनांतर्गत कुल 3077 लाभार्थियों के किश्तों की राशि कुल 9.53 करोड़ रुपए के अंतरण हेतु एसएनए स्पर्श माड्युल




पर एफटीओ साईन किया गया है। यथाशीघ्र जिले के लाभार्थियों को किश्तों की राशि उनके खातो में डीबीटी के माध्यम से अंतरित होंगे, जिससे योजनांतर्गत स्वीकृत आवासों को यथाशीघ्र पूर्ण किया जा सकेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में कुल स्वीकृत 54151 आवासों के विरूद्ध में 48275 (89.14:) आवास पूर्णता के पश्चात कुल 5876 आवास लंबित, निर्माणाधीन, प्रगतिरत आवासो को यथाशीघ्र शतप्रतिशत पूर्ण कराने हेतु लाभार्थियों से संपर्क कर समन्वय स्थापित करते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही पूर्ण आवासो के हितग्राहियों को जन–सहयोग एवं जनभागीदारी के माध्यम से सोकपीट का निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। सीईओ चंद्रवंशी ने बताया कि वर्तमान में लाभार्थियों के किश्तो की राशि एसएनए स्पर्श माड्यूल के माध्यम से एफटीओ के तहत प्रदान की जा रही है। जिले में कुल 3077 लाभार्थियों के किश्तों की राशि कुल 09.53 करोड़ रुपये के अंतरण हेतु एस.एन.ए. स्पर्श माड्युल पर एफ.टी.ओ. साईन करा लिया गया है तथा आवासों के भौतिक प्रगति अनुसार आगे भी सुगमता से किश्तो की राशि का अंतरण की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मनरेगा के मजदूरों से मुलाकात कर ली जानकारी

**भिलाई।** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत असंगठित कामगार, कर्मचारी कांग्रेस के सदस्यों द्वारा दुर्ग जिले के ग्राम मोखली, खर्रा,रेंगा बहेरा में पहुंचकर मनरेगा में कार्यरत मजदूरों से मुलाकात किया। इस दौरान श्रमिकों को जानकारी दी और जागरूक किया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा उन्हें कैसे मूर्ख बना रही है। उनका हक छीना जा रही है। अभियान में जिला महामंत्री दुर्ग ग्रामीण व प्रदेशसचिव केकेसी राम सूर्यवंशी ,जिलाध्यक्ष केकेसी राहुल वर्मा, पार्षद भारती राम सूर्यवंशी, प्रेम मिश्रा, विजय पूरी, मोंटी यादव, लक्ष्मी नारायण मारकंडे, नामदास कुर्रे ,छवि, ,गोलू ,ऋषभ तिवारी, अजय श्रीवास्तव मौजूद थे।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में 6 जून को शाम 5 बजे से कलेक्टर कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में जिले के अंतर्गत आने वाले सभी बैंकों के जिला समन्वयकों, शाखाओं और संबंधित शासकीय विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। पिछली डीसीसी बैठक में सदस्यों की अनुपस्थिति और अधूरी जानकारी को कलेक्टर एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया है, तथा अनुपस्थित सदस्य बैंकों व विभागों के नाम आवश्यक कार्यवाही हेतु उनके नियंत्रक कार्यालयों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अति आवश्यक है। समस्त जिला समन्वयक एवं संबंधित अधिकारियों को पिछले बैठक की कार्यवाही की रिपोर्ट, अपनी अधीनस्थ शाखाओं द्वारा शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए गए ऋण स्वीकृति एवं वितरण की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### माटरा को मिलेगा नया बाजार, हुआ भूमिपूजन



**दुर्ग।** ग्राम माटरा के ग्रामीणों को जल्द ही एक सुव्यवस्थित बाजार की सौगात मिलने जा रही है। ग्राम माटरा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ हाट बाजार का भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य राजेश साहू, सरपंच देवशरण साहू, तेजराम साहू, दशरथ साहू, दीनदयाल साहू, नाथूराम और अमृत उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिया है।

---

## समान्य सभा : शहर सरकार और सभापति ने सफाई के मुद्दे पर आयुक्त को घेरने का किया प्रयास

# छह महीने पहले 3.80 करोड़ के ठेके के बाद भी नहीं बंटे डस्टबिन, धमधा नाका सेग्रिगेशन प्लांट लंबे समय से बंद

**स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लागू, घर-घर दिए जाएंगे चार-चार डस्टबिन**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 को शहर में लागू करने के लिए शुक्रवार को दुर्ग निगम की विशेष समान्य सभा का आयोजन किया गया। बैठक में 3.80 करोड़ रुपए की डस्टबिन खरीदी का मुद्दा सभापति श्याम शर्मा ने आसंदी में रहते हुए उठाया। उन्होंने कहा कि 6 महीने पहले टेंडर प्रक्रिया हुई, लेकिन डस्टबिन बंटे नहीं। इतना ही नहीं दुकानदारों से डस्टबिन नहीं होने पर 500 रुपए का फाइन काटा जा रहा है, जबकि जवाबदेही लोगों की नहीं निगम के अधिकारियों की है। उन्होंने जानकारी स्पष्ट करने की बात कही। इस पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि खरीदी की प्रक्रिया जैम पोर्टल में हुई थी। इसे लेकर एक फर्म ने शासन से शिकायत की थी। इसकी जांच हुई, जांच में प्रक्रिया सही पाई गई। इसके बाद निर्धारित एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी किया गया है। इस बीच शासन में फाइल कुछ समय के लिए अटकी रही, इस वजह से देरी हुई। इसी प्रकार धमधा नाका में करोड़ों रुपए खर्च कर लगाए गए सेग्रिगेशन प्लांट से कचरा प्रोसेसिंग नहीं होने का मुद्दा एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे ने उठाया। उन्होंने कहा कि पहले जनरेटर नहीं होने की बात कहते हुए कचरा प्रोसेसिंग नहीं की जा रही थी, अब जनरेटर लगने के बाद भी काम बंद है। कचरा सड़कों में फैल रहा है, लोगों के द्वारा शिकायत की जा रही है। इस पर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि मशीन चल रही है, इसका उनके पास वीडियो भी उपलब्ध है। पार्षद कुलेश्वर साहू ने पुलगांव नाला डायवर्सन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शहर को आज भी नाला का गंदा पानी ही फिल्टर करके पिलाई जा रहा है, काम अधूरा है, लेकिन एजेंसी को पूरा भुगतान कर दिया गया है। आयुक्त ने कहा कि पुलगांव नाला डायवर्सन काम कर रहा है, भुगतान दो साल पहले हुआ है। बैठक में महापौर अल्का बाघमार प्रमुख रूप से मौजूद थीं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, अजीत वैद्य, सरस निर्मलकर, खिलावन मटियारा, जितेंद्र महोविया, रामचंद्र सेन सहित अन्य मौजूद थे।




### सफाई को लेकर लाया गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

सफाई को लेकर लाए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। इस दौरान जानकारी दी गई कि इस बार घरों में 4-4 डस्टबिन दिए जाएंगे। हर डिब्बे में रसोई से जुड़ा गीला कचरा, नीले डिब्बे में कागज, प्लास्टिक से जुड़ा सूखा कचरा, लाल डिब्बे में सेनेटरी पैड, डायपर, पट्टियां, काले डिब्बे में दवाएं, इंजेक्शन, बैटरी, इलेक्टॉनिक सामान कचरे के रूप रखे जाएंगे। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए पहुंचने वाले सफाई कामगार को इस कचरे को दिया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, होटल, लॉज और सरकारी कार्यालयों से निकलने वाले गीले कचरे को उन्हें खुद निष्पादित करना होगा। इसके लिए निगम प्रमाण पत्र जारी करेगी। वार्ड स्तर पर स्वच्छता समिति बनेगी। इसमें पर्यवेक्षक, महिला स्वसहायता समूह, स्थानीय रहवासी शामिल किए जाएंगे। व्यावसायिक क्षेत्रों में दो बार सफाई होगी। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह रोक रहेगी। कलेक्शन सेंटरों को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। डिजिटल मॉनिटरिंग और शिकायत निवारण सेल का गठन होगा। निदान 1100 और वाट्सएप नंबर 8519009090 पर कम्प्लेन दर्ज कराई जा सकेगी।

### बढ़ते प्रदूषण और घटते भूजल स्तर को देखते हुए बनी कार्ययोजना, शासन के निर्देश पर लिया निर्णय

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। बढ़ते प्रदूषण, घटते भू-जल स्तर और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। वृक्ष हमें ऑक्सीजन, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में नियमित रूप से पौधारोपण करे और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाए तो आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि विशेष अवसरों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने वार्डों में सफाई की लचर व्यवस्था को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वार्डों से नियमित कचरा नहीं उठ रहा। जगह-जगह कचरा जलाने की शिकायतें सामने आ रही है। इस पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्य करने की जरुरत है।

### डस्टबिन खरीदी में बरती गई पारदर्शिता

डस्टबिन खरीदी में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती गई है। जैम पोर्टल के माध्यम से खरीदी की गई। शासन स्तर पर हुई शिकायत की जांच में थोड़ा समय लगा। वर्तमान में एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया है। पुलगांव नाला में जलकुंभी साफ करने के लिए मछुवारों से संपर्क किया जा रहा है। पॉन्ड मशीन से साफ करना संभव नहीं है। पुलगांव नाला डायवर्सन में भुगतान दो साल पहले हो चुकी है। धमधा नाका में सेग्रिगेशन प्लांट का संचालन हो रहा है।

**-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी सेग्रिगेशन को लेकर अभियान, कचरा जलाने वालों पर कार्रवाई




दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील में पारित कड़े आदेशों के बाद गाइडलाइंस जारी की गई है। ग्रामीण इलाकों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को पूरी कड़ाई से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब जिले में खुले में कचरा फेंकने, डंप करने, उसे जलाने या दबाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों की चौबीसों घंटे सख्त निगरानी करने और पर्यावरणीय मानकों को बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर एक विशेष टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है, जो कचरा प्रबंधन से जुड़े हर मोर्चे पर पैनी नजर रखेगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने इस अभियान के तहत कार्ययोजना की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि विगत दिवस अभियान अंतर्गत एक दिवसीय हाई-टेक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यशाला में जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन की समस्त 300 गांवों में यह अभियान चलेगा। 5 बड़े मोर्चों पर कड़ाई से काम किया जाएगा, जिसमें स्रोत से ही कचरे का पृथक्कीकरण, शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कलेक्शन, वैज्ञानिक डिस्पोजल, पुराने डंपिंग यार्डों का खात्मा और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाना शामिल है। अब बिना स्थानीय निकाय की पूर्व अनुमति के 100 से अधिक व्यक्तियों का कोई भी आयोजन नहीं किया जा सकेगा, और बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वाले संस्थानों को ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण कराकर अपने गीले कचरे के निपटान के लिए स्वयं कंपोस्टिंग या बायोमीथनेशन प्लांट लगाने होंगे।

---

# ट्रैफिक कंट्रोल का प्लान : सड़कों का होगा चौड़ीकरण, कुछ मार्ग होंगे वन-वे, सर्वे आज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेलगाम है। इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, शनिचरी बाजार, तहसील कार्यालय, सिंधी कॉलोनी, ग्रीन चौक, चंडी मंदिर से मान होटल चौक, सदर लाइन से लेकर अन्य अंधरूनी बस्तियों से गुजरना मुश्किल है। लगातार दिक्कतों को देखते हुए ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर नया प्लान तैयार किया जा रहा है। इसे लेकर शिक्षामंत्री और स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव ने शुक्रवार को बोरसी से लेकर पोटिया, इंदिरा मार्केट सहित अन्य जगहों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सर्वे कर निराकरण तलाशने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 6 जून से ही सर्वे शुरू किया जाए। सड़कों के चौड़ीकरण, वन-वे मार्ग से लेकर अन्य विकल्पों की जानकारी लेकर कार्ययोजना तैयार की जाए।

निरीक्षण के दौरान पोटिया चौक से बस्ती तक मार्ग, बोरसी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र, बस स्टैंड से गणेश मंदिर रोड, नयापारा चौक से आनंद सरोवर तक मार्ग, बघेरा रोड सहित विभिन्न स्थानों का अवलोकन कर यातायात सुधार एवं सड़क चौड़ीकरण की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि दुर्ग शहर का लगातार विस्तार हो रहा है, जिसके अनुरूप सड़क एवं यातायात अधोसंरचना का विकास आवश्यक है। नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बाधारहित आवागमन उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है।



### सौंदर्यीकरण को भी रखा जाए प्राथमिकता में : गजेंद्र

निरीक्षण के दौरान बोरसी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, नयापारा चौक से आनंद सरोवर तक सड़क चौड़ीकरण, बस स्टैंड से गणेश मंदिर रोड में मोड़ के पास सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और सौंदर्यीकरण करने संबंध में आवश्यक तकनीकी सर्वे कर शीघ्र इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर यातायात दबाव को कम करने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूर्ण कार्ययोजना तैयार करने पर भी जोर दिया गया। गजेन्द्र यादव ने अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ रात्रि में पर्याप्त रौशनी, सड़क किनारे जल निकासी, पैदल यात्रियों की सुविधा, यातायात संकेतक, सभी चौक चौराहे का सौंदर्यीकरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी प्रस्तावों में शामिल करने के निर्देश दिए।

### पोटिया से बोरसी तक सर्वे का कार्य आज से होगा शुरू

गजेंद्र यादव ने कहा कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर मैदानी निरीक्षण कर रहे हैं तथा जनता की सुविधा से जुड़े प्रत्येक विषय पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में इन कार्यों के पूर्ण होने से शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित होगी, जिससे हजारों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। पीडब्लूडी के इंजिनियर ने बताया की शहर के आंतरिक मार्गो के मजबूतीकरण चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाना है, बजट में प्रस्तावित कार्यों का कल से सर्वे प्रारंभ किया जाएगा जिसमें हेमंचंद यूनिवर्सिटी से पुराना हाउसिंग चौक बोरसी तक चौड़ीकरण व मजबूतीकरण का सर्वे कल से शुरू हो जाएगा। इसी के साथ ही महाराजा चौक से पहिरावा बुटीक तक भी सर्वे होगा। इसके अलावा साईं मंगलम के आगे से से केनाल होते बोरसी साहू होटल बोरसी चौक तक, नयापारा से आनंद सरोवर मोड़ तक, स्मृति नगर मुख्य मार्ग से कातुलबोर्ड सड़क का भी इस्टीमेट शीघ्र ही तैयार किया जाएगा।

---

# जिला अस्पताल में इंटरकॉम सेवा ठप मरीजों की बढ़ी परेशानी, हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला चिकित्सालय में इलाज कराने आने वाले मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 500 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में रोजाना 1000 से ज्यादा मरीज स्थानीय और अन्य जिलों से गुणात्मक इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इंटरकॉम सुविधा का बंद होना डॉक्टरों और मरीजों दोनों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। वर्तमान में आपातकालीन विभाग और मातृत्व शिशु विभाग में इंटरकॉम सेवा पूरी तरह निष्क्रिय है। जबकि पहले यह सुविधा अस्पताल में चालू थी। आपात स्थिति में वार्ड से वार्ड, डॉक्टर से नर्स और विभागों के बीच तुरंत संपर्क के लिए इंटरकॉम अनिवार्य श्रेणी में आता है। इसके बंद होने से गंभीर मरीजों के इलाज में देरी की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को लेकर जिला चिकित्सालय जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगांवकर और रेड क्रॉस सदस्य दुष्यंत



देवांगन ने गुरुवार को अस्पताल के मुखिया सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. एके मिंज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मरीजों की सुविधा और बेहतर इलाज के लिए इंटरकॉम सेवा तुरंत बहाल की जाए। दूरदराज से आने वाले मरीजों को सही वार्ड और डॉक्टर तक पहुंचने में दिक्कत होती है। डॉ. एके मिंज ने कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है। इंटरकॉम सेवा बहाली के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। तकनीकी कारणों से बंद हुई सेवा को प्राथमिकता पर शुरू कराया जाएगा। जीवन दीप समिति के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही यह सेवा शुरू होगी और मरीजों को राहत मिलेगी।

## खाद-बीज के लिए भटक रहे किसान, शिकायत

**दुर्ग।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के साथ कलेक्टर दुर्ग को कृषि सहकारी सोसाइटी में खाद, डीएपी, यूरिया, बीज संकट और अव्यवस्था सहित जिला अस्पताल में रिसाली की दीपिका गाड़ा के मौत पर कार्यवाही के संबंध पर सहित विभिन्न बिंदु पर ज्ञापन सौंपा।

ताम्रध्वज साहू ने कहा कि वर्तमान में खरीफ सत्र में किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए जाने वाले खाद डीएपी यूरिया, एसएसपीएमओपी व अन्य मिश्रित खाद तथा बीज कृषि सहकारी समितियों और खुले बाजार के माध्यम से किया जा रहा है। सोसायटियों में सभी आवश्यक खाद का अब तक एकमुश्त भंडारण नहीं होने से किसान हर दिन खाद के लिए लाईन में परेशान खड़े है। पूरे जिले के समितियों से बमुश्किल 30 फीसदी किसान ही शासन के कटौती वाले मात्रा में ही खाद उठा पाये है। धान बीज की उपलब्ता भी कमजोर है। सिर्फ सरना किस्म का धान आया है, वह भी अमानक स्तर का है। अधिकांश समितियों में डीएपी जैसे



आवयश्यक खाद अब तक नहीं पहुंच पाया है। खुले बाजार में भी किल्लत और सरेआम लूट के शिकार हो रहे है, मानसून सामने और किसान खेतों की तैयारी के बजाय खाद, बीज के लिए भटक रहे है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेंटी धीरज बाकलीवाल, नगर निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष रिसाली दिनेश, केश कला, नंद कुमार सेन, रिवेन्द्र यादव, योगिता चन्द्रकार, लक्ष्मी साहू, झमित गायकवाड़ आदि मौजूद थे।

---

## समाज कल्याण, जिला शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम करेगी सर्वे

# 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांगजनों की होगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली समीक्षा बैठक

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभागार में समग्र शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं सर्वेक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने शून्य से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु जिले में व्यापक सर्वे अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस अभियान के लिए समाज कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीओ, डीएमसी, महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में समग्र शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह सर्वेक्षण दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए, जिला स्तर से विकासखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर तक विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सर्वे के दौरान दृष्टिबाधित, कम दृष्टि, श्रवण बाधित, कुष्ठ रोग से मुक्त होने के बावजूद शारीरिक विकृति से प्रभावित, जीर्ण स्नायविक स्थिति सहित अन्य दिव्यांगताओं से प्रभावित बच्चों की पहचान की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना, उनका नामांकन सुनिश्चित करना तथा आवश्यकता अनुसार शैक्षणिक सहयोग



### सर्वे करने वाले कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सर्वे व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए। इसके तहत विकासखंड एवं क्लस्टर स्तर पर बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर द्वारा सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन सहित जमीनी स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को इंक्लूसिव एजुकेशन एंबेसडर के रूप में चिन्हित कर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान शासन से तय गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### कोई भी दिव्यांग इन नंबरों पर दर्ज करा सकता है पंजीयन

कलेक्टर ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके आसपास या परिचय में कोई दिव्यांग बच्चा हो तो उसकी जानकारी, नाम एवं पता आईके रामटेके के मोबाइल 9424108869 तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर गीता साहू के मोबाइल 6268091891 से संपर्क अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी साझा किया जा सकता है। सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिन्हित बच्चों को आवश्यक सुविधाओं, संसाधनों एवं योजनाओं से जोड़ते हुए समावेशी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में समग्र शिक्षा अधिकारी श्री विनोद सिन्हा, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, एडीपीओ , डीएमसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## पेज 9 का शेष

### बालोद में सड़क ...

वाहन चालकों से 69,52,500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है, जिसमें मुख्य रूप से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 324 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया जहां शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर न्यायालय द्वारा 34,26,700 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 879 वाहन चालकों पर 4,41,000 रूपये की एवं बिना सीट बेल्ट लगाएं वाहन चलाने पर 441 वाहन चालकों से 2,41,600 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है।

### फर्जी ऋण पुस्तिका ...

बारे में जानकारी होने पर अपने दिए ब्याना राशि को वापस मांगने पर आरोपी नरेन्द्र बहादुर सोनी ने अपने नाम की बंधन बैंक का 02 चेक कुल 1,50,000 रूपए का देना बताया। आरोपी नरेन्द्र बहादुर सोनी द्वारा घटना के दौरान उपयोग किए 01 वीवो कम्पनी का मोबाईल को पेश करने पर जप्त किया गया। आरोनी नरेन्द्र बहादुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में आरोपी हरिशंकर गजभिये फरार है। ग्राम खैरतराई थाना व जिला बालोद निवासी नरेन्द्र बहादुर सोनी पिता चन्द्रबहादुर सोनी 40 वर्ष आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया व फरार आरोपी में ग्राम परसोदा थाना बालोद निवासी गजभिये पिता सुकलाल गजभिये पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिसकी खोज बीन में पुलिस जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### गुरूर के तीन वार्डों में मिला पर्याप्त जल स्रोत



**गुरूर**। नगर पंचायत गुरूर क्षेत्र में पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर के वार्ड क्रमांक 1, वार्ड क्रमांक 4 एवं वार्ड क्रमांक 10 में बोरवेल खनन कार्य कराया गया। खनन के दौरान तीनों स्थानों पर पर्याप्त एवं अच्छा जल स्त्रोत प्राप्त हुआ है, जिससे संबंधित वार्डो सहित आस पास के नागरिकों को पेयजल की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत द्वारा गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया गया। प्राप्त जल स्त्रोत से नगरवासियों को नियमित एवं सुगम पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत गुरूर के अध्यक्ष प्रदीप साहू, सभी पार्षदगण तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कार्य किए जाते रहेंगे।

### केंद्र के बराबर डीए की मांग

**दुर्ग**। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता डीए देने की मांग उठाई है। संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और मुख्य सचिव विवेक ढांड से प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने की मांग की है। सैय्यद असलम ने बताया कि केंद्र सरकार ने अपने अधिकारी-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 1 जनवरी 2026 से 60 प्रतिशत कर दिया है।

# संत कबीर जयंती पर 'बीर वाणी' कार्यक्रम, गुरूर में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कबीर वाणी कार्यक्रम का आयोजन 14 जून को धमतरी में किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर गुरूर विकासखण्ड में भी व्यापक तैयारी की जा रह है। संत कबीर साहेब की वाणी मानवीय एकता, सद्भाव और आत्मकल्याण का मूल मंत्र है।

संत कबीर साहेब की 629वीं जयंती के उपलक्ष्य में 14 जून को 2026 रविवार को 10:30 से 1:30 कबीर नगर, रत्नाबांधा, धमतरी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से होगा। इसके प"चात कबीर साहेब की मूल वाणी बीजक पाठ एवं कबीर भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। तत्प"चात संत–महात्माओं एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जाएगा तथा कबीर वाणी पर विचार गोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें संतजन एवं अतिथि अपने–अपने विचार व्यक्त करेंगे। अंत में गुरू पूजा और भोजन भंडारा कराया जाएगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न आश्रमों से संत–साध्वियों का आगमन होगा तथा प्रदेश के विभिन्न अंचलों से श्रद्धालू उपस्थि रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण कार्य का भूमि–पूजन भी संपन्न होगा। साथ ही सामाजिक जागृति एवं नशा उन्मूलन के उद्दे"य से छत्तीसगढ़ संत संगठन, सद्गुरू कबीर वि"व शांति मिशन छत्तीसगढ़ संत संगठन के संतों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

### नशा उन्मूलन हस्ताक्षर अभियान का भी होगा शुभारंभ



**छह माह तक संपूर्ण छत्तीसगढ़ में चलाया जाएगा आयोजन**

*यह अभियान आगामी छह माह तक संपूर्ण छत्तीसगढ़ में चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से नशामुक्ति एवं जनजागरण का संदेश जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ संत संगठन संत रविकर साहेब ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारियों एवं कार्ययोजना को अंतिम रूप देने हेतु 10 जून प्रातः 10 बजे कबीर संस्थान, धमतरी में एक आव"यक बैठक आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में विकासखण्ड गुरूर से भी बड़ी संख्या में अनुयायी पहुंचेगे इसको लेकर विकासखण्ड की विभिन्न ग्रामो में तैयारी चल रही है।*

### आंदोलन : 13 जुलाई से नगरीय निकाय कर्मियों का निर्णायक संघर्ष

# वादों से नाराज कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगरीय निकाय विभाग के कर्मचारियों में अपनी लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर व्यापक असंतोष उभरकर सामने आया है। वर्षों से नियमितीकरण, वेतन विसंगति, सेवा सुरक्षा तथा अन्य मांगों को लेकर शासन स्तर पर लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद ठोस निर्णय नहीं होने से कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। इसी के चलते प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के कर्मचारी 13 जुलाई से नवा रायपुर तूता में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में जुट गए हैं।

प्रदेशव्यापी आंदोलन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय प्रमुखों को शपथ पत्र एवं सामूहिक अवकाश आवेदन सौंपे जा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों से उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसके कारण अब संघर्ष के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं बचा है।

हाल ही में आयोजित बैठक में प्रदेश एवं जिला स्तर के कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि नगरीय निकायों की व्यवस्था का संपूर्ण भार कर्मचारियों के कंधों पर है, फिर भी उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने एक स्वर में आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा आवश्यक होने पर लंबी लड़ाई लड़ने की भी बात कही।



**कर्मचारियों ने दी चेतावनी**

बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि शासन को कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए। कर्मचारियों का आरोप है कि बार-बार आश्वासन देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में निराशा और आक्रोश दोनों बढ़े हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी मांगों की अनदेखी हुई तो आंदोलन और अधिक व्यापक तथा प्रभावशाली रूप लेगा।बैठक के अंत में सभी कर्मचारियों ने हाथ उठाकर 13 जुलाई से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने तथा अपने अधिकारों की प्राप्ति तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

बैठक में प्रदेश कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी राजेश सोनी, ललित साहू, ऋषभ ठाकुर, हैप्पी सिंह सहित बालोद जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोविंद राम साहू, महामंत्री पूर्णानंद आर्य, हर्षा जैन, रोहित साहू, जिया खान, संजय कल्याणी तथा विभिन्न नगरीय निकायों के कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। दल्लीराजहरा से पंकज चंद्राकर, मनोज साहू, सुनील तारम, चित्त कुमार कुर्रे, चिखलाकसा से राकेश साहू, योगेश दुबे, डौंडीलोहारा से पुरुषोत्तम चंद्राकर, गोविंद उइके, ईश्वर आर्य, अर्जुंदा से सुभाष सोनकर तथा डौंडी से रत्नभूषण वाहने और प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने आंदोलन के प्रति समर्थन जताया। बालोद जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोविंद राम साहू ने कहा कि नगरीय निकाय कर्मचारी वर्षों से अपनी जायज मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है। कर्मचारियों ने शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, फिर भी उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता दिखाई नहीं गई। यदि अब भी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। जिला कर्मचारी संघ के महामंत्री पूर्णानंद आर्य ने कहा कि कर्मचारियों का आंदोलन किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि सम्मानजनक सेवा व्यवस्था और न्यायपूर्ण अधिकारों के लिए है। लगातार उपेक्षा और विलंब ने कर्मचारियों में गहरा असंतोष पैदा कर दिया है। शासन को यह समझना होगा कि नगरीय निकायों की रीढ़ माने जाने वाले कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किए बिना सुचारु व्यवस्था की कल्पना नहीं की जा सकती! दल्लीराजहरा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज चंद्राकर ने कहा कि प्रदेशभर के कर्मचारियों में इस बार अभूतपूर्व एकजुटता दिखाई दे रही है। सभी निकायों के कर्मचारी आंदोलन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि आदेश और क्रियान्वयन चाहिए। यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 13 जुलाई से शुरू होने वाला आंदोलन प्रदेश के नगरीय निकायों के इतिहास का सबसे बड़ा कर्मचारी आंदोलन साबित होगा।

# आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए जुटे कांग्रेसजन

### जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर



**दल्लीराजहरा**। डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खलारी में आगामी 11 जून को आयोजित होने वाले आदिवासी महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर दल्लीराजहरा में कांग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने महासम्मेलन की रूपरेखा, तैयारियों तथा जनसहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए अनिला भेड़िया ने कहा कि आदिवासी महासम्मेलन केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण तथा संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जनजागरण का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसके लिए व्यापक जनएकजुटता जरूरी है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर पड़ने वाला कोई भी प्रतिकूल प्रभाव केवल किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर पूरे समाज और देश के नागरिकों पर पड़ता है। ऐसे में आदिवासी समाज के मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में विशेष रूप से दल्लीराजहरा क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचकर महासम्मेलन का संदेश पहुंचाने तथा लोगों को बड़ी संख्या में खलारी पहुंचने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में 11 जून को ग्राम खलारी में आयोजित आदिवासी महासम्मेलन को भव्य, ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया। सभी ने अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित कर आदिवासी समाज के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के संदेश को मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।रतिराम कोसमा अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने उक्त जानकारी दिया।

# भाजपा मंडल गुण्डरदेही की मासिक बैठक संपन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रमों की बनी कार्ययोजना



भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की मासिक बैठक का आयोजन मंडल कार्यालय में शनिवार को संपन्न हुआ। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने तथा योजनाओं के लाभार्थियों से व्यापक संपर्क स्थापित करने का संकल्प लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए संगठन की विचारधारा एवं जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। विकसित भारत के निर्माण तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर सभी कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी ठाकुर राम चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय, कोषाध्यक्ष छगन सोनकर, महामंत्री शैल महोबिया, विनोद चंद्राकर, उपाध्यक्ष हरीश निषाद, सेवक महिपाल, केशव साहू, शैलेन्द्र निषाद, सूरज यादव, दमयंतीन मार्कंडेय, अनूप नामदेव, मिलन साहू, नमिता साहू, दिलीप कुल्हाड़े, तोमन साहू, जीतेश्वरी ठाकुर, पृथ्वी साहू, ओमप्रकाश चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नैनो उर्वरक ने बदली किसान आनंद राम साहू की किस्मत प्रति एकड़ 35 क्विंटल धान उत्पादन से बढ़ी आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

परंपरागत खेती को अगर आधुनिक तकनीक से किया जाए तो किसान की तकदीर बदलते देर नहीं लगती। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरकार के प्रगतिशील किसान अनंद राम साहू ने। अनंद ने नैनो उर्वरक को अपनाकर न सिर्फ अपनी फसल का उत्पादन बढ़ाया है, बल्कि अपनी खेती को एक बेहद मुनाफेदार व्यवसाय में बदल दिया है। उन्होंने प्रति एकड़ 35 क्विंटल धान की पैदावार की है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में जब उन्होंने अपने खेतों में नैनो उर्वरकों का छिड़काव किया, तो परिणाम चैंकाने वाले थे। अनंद राम बताते हैं कि नैनो उर्वरकों के इस्तेमाल से फसल की सेहत सुधरी और उत्पादन में भारी बढ़ोतरी हुई। इसका असर खेतों में साफ दिखाई देता है। मैं जिले के दूसरे किसान भाइयों से भी अपील करता हुं कि बेहतर उत्पादन के लिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को जरूर अपनाएं। अनंद राम ने बताया कि शासन की किसान–हितैषी योजनाओं ने उनके जीवन को एक नई आर्थिक संबलता दी है। कृषक उन्नति योजना के तहत धान का बेहतर मूल्य मिलने से ओंकार को जबरदस्त आर्थिक लाभ हुआ। धान बेचकर मिले इसी मुनाफे से आज वे अपने सपनों का पक्का घर बना चुके हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग वे समय पर खाद, बीज और खेती के दूसरे जरूरी कामों के लिए करते हैं, जिससे उन्हें कहीं से पैसे लेने की जरूरत नहीं पड़ती। अपनी इस सफलता से गदगद किसान अनंद राम साहू ने शासन–प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।



■ आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं के सहारे खेती बनी लाभ का सौदा, पक्के मकान का सपना भी हुआ पूरा

### नैनो उर्वरक अपनाकर प्रगतिशील किसान सोनसाय साहू ने बढ़ाया उत्पादन, खेती बनी लाभ का जरिया



**बालोद**। जिले के किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए अब आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी खेती को और अधिक लाभकारी बना रहे हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम हसदा के प्रगतिशील किसान सोनसाय साहू ने। उन्होंने नैनो उर्वरक को अपनाकर न सिर्फ अपनी फसल का उत्पादन बढ़ाया है, बल्कि अपनी खेती को एक बेहद मुनाफेदार व्यवसाय में बदल दिया है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में जब उन्होंने अपने खेतों में नैनो उर्वरकों का छिड़काव किया, तो परिणाम बहुत ही बेहतर मिले। सोनसाय बताते हैं कि नैनो उर्वरकों के इस्तेमाल से धान और चना फसल की सेहत सुधरी और उत्पादन में भारी बढ़ोतरी हुई। इसका असर खेतों में साफ दिखाई देता है। उन्होनें जिले के किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि बेहतर उत्पादन के लिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को जरूर अपनाएं। सोनसाय ने बताया कि शासन की किसान–हितैषी योजनाओं ने उनके जीवन को एक नई आर्थिक संबलता दी है। कृषक उन्नति योजना के तहत धान का बेहतर मूल्य मिलने से सोनसाय को जबरदस्त आर्थिक लाभ हुआ। धान बेचकर मिले इसी मुनाफे की बदौलत आज वे अपने घर के निर्माण और परिवार में विवाह जैसे बड़े सामाजिक कायों् को बिना किसी कर्ज या परेशानी के आसानी से संपन्न करा सके हैं। अपनी इस सफलता से प्रसन्नचित किसान सोनसाय साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान पर हुई चर्चा



**अंडा**। भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबन्द की मासिक बैठक ग्राम अर्जुनी में आयोजित की गई मां भारती एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया एवं अतिथियों का स्वागत वन्दन किया गया। स्वागत भाषण मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने दिया इस बैठक को मंडल प्रभारी पवन सोनवर्षा, पूर्व जिला अध्यक्ष लेख रामसाहू, उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने भी ,बैठक को संबोधित किया, आभार व्यक्त युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू ने किया, बैठक की संचालन थानसिंह मंडावी ने किया, इस बैठक में मंडल प्रभारी सोनवर्षा ने संगठन की आगामी गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों एवं विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर सार्थक चर्चा की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की गई,इन ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा सरकार की जनहितकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करने का संकल्प लिया गया भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए संगठन की विचारधारा एवं जनसेवा के संकल्प को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है,हम सभी मिलकर विकसित भारत के निर्माण और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेख राम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिलापंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक थानसिंह मंडावी, जिला कार्यकारिणी सदस्य चेतन साहू, कृष्ण कुमार साहू,जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, हेमलता देशलहरा, संध्या खरे, मण्डल उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, भूपेन्द्र निषाद, कुणाल कुर्रे, उमाशंकर नेताम,लेवन देशमुख, रीना देशमुख, देवेन्द्र सिन्हा, पुखराज निर्मलकर,डालसिंह मंडावी, खिलेन्द्र साहू, ललित साहू, हेमन्त साहू, पूनम साहू, घना राम साहू, हरि सिंह मौर्य, दिलेन्द्र साहू, राहुल शर्मा, नेमचंद साहू, घनश्याम ठाकुर, महेन्द्र साहू, धनेश चंद्राकर, भूपेन्द्र देवांगन, पुराणिक साहू, टिका राम साहू, भीष्म साहू, चिंटू बघेल, रेख राम साहू, दाऊ लाल साहू, हेमंत साहू सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धक्का लगने पर युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** धक्का लगने की मामूली बात को लेकर दो युवकों ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक के बड़े भाई ने मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चारभांठा निवासी साहिल ठाकुर ने पुलिस को बताया कि रात्रि को गांव के शादी में टिकावन कार्यक्रम में शामिल होकर वापस आते समय मेरा छोटा भाई टकेश्वर ठाकुर के द्वारा भोथीपार निवासी भावेश नेताम को धक्का लग गया। जिससे भोथीपार निवासी भावेश नेताम व उसके साथी टोमू साहू के द्वारा आवेश में आकर दोनों मिलकर मेरे भाई टकेश्वर ठाकुर को मुझे धक्का दिये हो कहकर गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भावेश नेताम अपने हाथ में पहने चुडा से सिर में एवं टोमू साहू द्वारा हाथ मुक्का से मेरे भाई को मारपीट किया है। जिससे मेरे भाई के सिर में चोंट लगकर खून निकला है।

### युवक से मारपीट, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** नास्ता लाने में देरी होने पर दो युवको ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दल्लीराजहरा निवासी अरूण ने पुलिस को बताया कि वेल्डर कटर का काम कच्चे माइंस में करता हूं। मैं दल्लीराजहरा से कमलेश कुमार एवं उसके भाई, शहीद अस्पताल के सामने मोटर सायकल में बैठकर काम करने के लिये डौंडी आये थे, जो मथाई चौक के पास रूककर कमलेश के द्वारा बोला कि जाओ नाश्ता लेकर आओ तब मैं नाश्ता लेने के लिए होटल गया, होटल से नाश्ता लेकर वापस आने पर तुम नाश्ता को लेट लाये हो कहकर मुझे गालियां देते हुए कमलेश तथा कमलेश का भाई के द्वारा पत्थर से मेरे सिर एवं पेट, पीठ में हाथ मुक्का से मारपीट किये है।

### कार्यक्रमों के लिए भाजयुमो कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की वर्चुअल बैठक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई। इसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और उनके सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने की। बैठक में आगामी जून माह के महत्वपूर्ण दिवसों को सेवा और समर्पण के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए विशेष दायित्व सौंपे गए हैं। बैठक में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कॉलेजों और औद्योगिक क्षेत्रों में पौधरोपण अभियान चलाने, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग सत्रों का आयोजन करने, 12 गौरवशाली वर्षों को उत्सव के रूप में मनाने चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने कहा कि युवा मोर्चा इन कार्यक्रमों के माध्यम से केवल आयोजन नहीं करेगा, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ और सकारात्मक संदेश पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

### टाउनशिप में 21 हजार वर्गफीट जमीन कब्जामुक्त कराई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में अवैध कब्जों तथा नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध बेदखली अभियान के तहत मई महीने के दौरान व्यापक कार्रवाई कर कब्जामुक्त कराया। इसके तहत सेक्टर-6 स्थित अनफिट ब्लॉकों के 40 आवासों से सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 32 अन्य आवासों को भी कब्जों से मुक्त कराया गया। वहीं 16 विभिन्न स्थानों पर 21,800 वर्गफीट मूल्यवान भूमि को मुक्त कराया। अभियान के दौरान प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, विशेषकर सिविक सेंटर एवं पंथी चौक क्षेत्र में संचालित अवैध ठेलों को भी हटाया। 25 अवैध होर्डिंग, 975 अवैध बैनर एवं पोस्टर भी हटाने के साथ 53 अवैधविद्युत कनेक्शनों को विच्छेद किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाली का संकल्प
# पैलेट संयंत्र परिसर में 200 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दल्ली माइंस स्थित पैलेट संयंत्र परिसर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ संयंत्र परिसर में लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान छायादार, फूलदार, सघन एवं आकर्षक पौधे लगाए गए, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की हरियाली को नई पहचान देंगे।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। परिसर के विभिन्न खाली स्थानों को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने




की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। संयंत्र प्रमुख रामशरण अग्रवाल ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य को देखते हुए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। उन्होंने बताया कि संयंत्र क्षेत्र के रिक्त स्थानों पर आगामी दिनों में भी बड़े पैमाने पर सघन वृक्षारोपण किया जाएगा, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

कार्यक्रम में दल्ली माइंस के महाप्रबंधक सुकान्तो मंडल, कारखाना प्रबंधक पी.सी.एस. राव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, श्रमिक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रकृति संरक्षण, हरित विकास और पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त संदेश भी देता नजर आया। बढ़ते प्रदूषण और गर्मी के बीच यह पहल दल्लीराजहरा को अधिक हरित, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## प्रकृति संरक्षण का बुलंद संदेश : लौह अयस्क प्रबंधन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जगाई जन-जागृति की अलख

**दल्लीराजहरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लौह अयस्क प्रबंधन दल्लीराजहरा द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रकृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय "प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" रहा, जिसके अनुरूप पूरे क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण का व्यापक संदेश दिया गया। मुख्य आयोजन राजहरा खान कार्यालय स्थित उद्यान में सम्पन्न हुआ, जहाँ मुख्य महाप्रबंधक (खदान) आर. बी. गहरवार ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एम. वी. टी. केंद्र परिसर में पौधारोपण कर हरित भविष्य की दिशा में सामूहिक योगदान का संदेश दिया गया। अपने संबोधन में आर. बी. गहरवार ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। साथ ही खनन कार्यों के दौरान पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। महाप्रबंधक प्रभारी राजहरा यंत्रीकृत खान जयप्रकाश ने जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए जल एवं वायु प्रदूषण की चुनौतियों से अवगत कराया। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में अरुण कुमार, चंद्रभूषण, शिवेश कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष जायसवाल, सौरभ कुमार, आशुतोष त्रिपाठी, एस. के. व्यास, नितीश छत्री, शैलेश पटनायक, इम्तियाज गौरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में एम. वी. टी. केंद्र के कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन उपप्रबंधक (पर्यावरण) ए. के. सार्वे द्वारा किया गया। इसी अवसर पर दल्ली यंत्रीकृत खान में भी महाप्रबंधक प्रभारी बिपिन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशासनिक भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं महामाया, दुलकी और कलवर खदान क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया तथा हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प दोहराया गया। शिक्षण संस्थानों को भी इस अभियान से जोड़ा गया। डी. ए. वी. इस्पात वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। लौह अयस्क प्रबंधन द्वारा केवल दल्लीराजहरा ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्यावरण जागरूकता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजहरा से आठ किलोमीटर दूर भर्रीटोला ग्राम में पर्यावरण विभाग के सहयोग से स्कूली विद्यार्थियों के लिए नारा लेखन, निबंध लेखन तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजहरा सहित आसपास के गांवों से पचास से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सोच एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। जन-जागरूकता अभियान के तहत पर्यावरण विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में ध्वनि प्रसारण माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों का प्रसार भी किया गया। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला ने यह स्पष्ट किया कि प्रकृति संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर श्री सीता राम बाल संस्कार केंद्र में केंद्र के बच्चों मातृ शक्तियों युवाओं और मंदिर का रख रखाव करने वाले विनोद के साथ मिलकर बालोद नगर के कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण के बगीचे में सभी ने मिलकर पौधा रोपण किया। बाल संस्कार केंद्र की संचालिका विहिप जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन ने बच्चों को बतलाया विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है, पर्यावरण दिवस मानने का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है, बताया कि सिर्फ पौधा रोपण नहीं वरन हम सभी को जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रदुषण प्लास्टिक डिस्पोज़ल का कम से कम प्रयोग अपने जीवनशैली में करना है, बिजली का भी अनावश्यक दुरूपयोग नहीं करना है, अपने घर को हरित घर बनाना है बच्चों को फलों और सब्जियों के बीज से सीड बाल बनाने को प्रेरित किया तथा महत्व समझाएं कि पौधों को प्राकृतिक रूप से उगाने का एक प्राचीन तकनीक है जो बीज को धूप, तेज हवा और पंछियो, कीड़ो से बचा कर रखती है बच्चों ने मिलकर पर्यावरण गीत भी गया बच्चों को बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारा अनमोल रत्न है इसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा स्वयं ही कर सकते है।



### महाविद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें महाविद्यालय के ताराचंद देवांगन, महाविद्यालय प्राचार्य दिलीप कुमार साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुरली कुमार सिन्हा, ममता देवी साहू, रामस्वरूप सिन्हा, अश्वनी कुमार साहू, पामेश्वरी सेन, उपासना जंजीर, अमेरिका सिन्हा, दीपिका निषाद, नरेंद्र कुमार खोबरागड़े, हुमन लाल जंजीर, राकेश कुमार पारकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी छात्र–छात्रओं एवं महाविद्यालय में में अध्यनरत छात्र छात्रओं की उपस्थिति में महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया।



## भाजपा मंडल रेंगाडबरी ने आयोजित की कार्यशाला विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल रेंगाडबरी द्वारा भंवरमरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पश्चात विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हल्बा आदिवासी भवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल ने मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रभारियों तथा बूथ अध्यक्षों को 4 जून से 23 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, बुद्धिजीवी सम्मेलन, प्रदर्शनी, वृहद जनसंपर्क, योग, स्वच्छता अभियान एवं अन्य सेवा कार्यों का आयोजन किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून तक पूर्ण कर सरल पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। कार्यशाला के उपरांत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हल्बा आदिवासी भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उत्तरा घनेन्द्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, जयेश जैन, निरंजन पटौदी, महामंत्री जगतपाल सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम गोरे, डोमार साहू, मंडल मंत्री उमेश मंडावी, कुशल जुरेसिया, अंकुश कुंजाम, धन्नु सिन्हा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर भैंसबोड़ में अनूठी पहल, 3000 ट्रेंच किया गया सीड बॉल बीजारोपण



**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के डौंडी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भैंसबोड़ में ग्रामीणों ने सामूहिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण की एक अद्भुत मिसाल पेश की है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष अभियान के तहत ग्रामीणों ने जल संरक्षण के साथ–साथ हरियाली की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए भैंसबोड़ के ग्रामीणों ने जल संरक्षण के लिए पूर्व में निर्मित किए गए 3,000 ट्रेंच का सदुपयोग करते हुए ट्रेंच के समीप श्सीड बॉलश के माध्यम से व्यापक पैमाने पर बीजारोपण किया। ग्रामीणों का यह अनूठा और वैज्ञानिक प्रयास आने वाले दिनों में क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। इस तकनीक से न केवल गिरते भूजल स्तर में सुधार होगा, बल्कि आगामी बारिश के मौसम में ये सीड बॉल पौधों के रूप में विकसित होकर पूरे क्षेत्र को हरियाली की चादर से ढक देंगे। भैंसबोड़ के ग्रामीणों का यह कार्य पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, प्रमोद जैन ने मनाया प्रेरणादायी जन्मोत्सव

जामगांव आर। जन्म दिवस पर शासकीय हाईस्कूल सुरपा में शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन ने छायादार एवं फलदार पौधारोपण कर स्कूल एवं समिति परिवार का मुंह मीठा कराया और गाय माता को गुड़ खिलाकर मुँह मीठा कराया। समारोह के रूप में तब्दील जन्म दिवस समारोह में समिति के सदस्य खास तौर पर उपस्थित रहे, सबने समवेत स्वर में कहा कि पर्यावरण का चिंतन युक्त यह जन्म दिवस मनाने का तरीका प्रभावी प्रेरणा दाई है। ऐसे चिंतन शील हमारे शाला के अध्यक्ष प्रमोद जैन को उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना के साथ बधाई। इस अवसर पर पौधा भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी अतिथियों का। सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार धरमगुड़ी ने कहा कि पर्यावरण प्रचुर मात्र में भावी पीढ़ी को विरासत में देने के लिए प्रमोद जैन की प्रेरणादाई जन्म दिवस पर छायादार एवं फलदार पौधारोपण तहेदिल अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि चिंतन से चिंता दूर होती है पर्याप्त पर्यावरण मिलने पर प्रदूषण दूर होगी जो स्वस्थ जीवन में सहायक बनेगी। शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि धरती मां हमे देती है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे मां की आँचल प्रदूषण से ना भीगे हर संतान मां के प्रति अपना फर्ज निभाना सीखे। उन्होंने कहा कि पानी की एक एक बूंद से जब घड़ा पानी से भर सकता है तो जन्म दिवस पर वृक्षारोपण करना सब ठान ले तो पर्यावरण स्वमेव ठीक होने लगेगा। जो स्वयं और औरों के लिए भी लाभकारी होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा नेता भारतीय जनता पार्टी दुर्गेश रजक, बूथ अध्यक्ष किशोर सेन, किशोर यादव, लोकेश्वर रजक, अशोक पटेल, बूथ अध्यक्ष देवानंद देवांगन, रिगेश्वर सिन्हा और सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार धरमगुड़ी उपस्थित रहे।




## निशुल्क गणवेश वितरण के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संकुल रानाखुज्जी में संकुल प्राचार्य संदीप कुमार साहू की उपस्थिति में शासन की महत्वाकांक्षी निशुल्क गणवेश योजना के तहत विद्यालयों के लिए गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक भागवत राम इंदोरिया ने संकुल अंतर्गत सभी शालाओं के प्रधान पाठकों को गणवेश वितरित किया। कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के समस्त प्रधान पाठक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। संकुल प्राचार्य संदीप कुमार साहू ने शाला परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित शिक्षकों को वृक्षों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की प्रेरणा दी।संकुल समन्वयक भागवत राम इंदोरिया ने सभी विद्यालयों में इस वर्ष व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक विद्यालय को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस प्रस्ताव पर सभी प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने सहमति व्यक्त करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में अधिकाधिक पौधरोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित वातावरण के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।







### 9 जून को साहू समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

# प्रदेश स्तरीय सर्व कुर्मी समाज सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिले के वनांचल क्षेत्र में स्थित श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम में चल रहे एक माह के पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सर्व कुर्मी समाज सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं छत्तीसगढ़ कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल ने कहा कि निर्माणाधीन मां कौशल्या धाम छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक है तथा पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने समाज के लोगों से धाम के निर्माण कार्य में सहयोग देने का आह्वान किया। सम्मेलन में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष खोडसराम कश्यप सहित बिलासपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा, तिल्दा, रायपुर, कुम्हारी, दुर्ग, पाटन, बेरला, धमधा, साजा और बेमेतरा सहित प्रदेश के लगभग 16 जिलों के प्रतिनिधि एवं 8 राजप्रधान उपस्थित रहे।पाटेश्वर धाम के संचालक संत श्री राम बालक दास जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां कौशल्या भगवान श्रीराम की माता एवं क्षत्रिय कुल की आराध्य देवी हैं। जिस प्रकार विभिन्न समाजों का सहयोग मां कौशल्या धाम के निर्माण में मिल रहा है, उसी प्रकार कुर्मी समाज को भी बढ़-चढ़कर इस पुनीत कार्य में योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि धाम परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना भी की जा रही है, जो समाज के लिए गर्व का विषय है। प्रदेशभर से पहुंचे लगभग एक हजार समाजजनों ने गुरुदेव के समाधि स्थल के दर्शन किए तथा निर्माणाधीन मां कौशल्या मंदिर का अवलोकन किया। सम्मेलन में आगामी समय में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं प्रांतीय कार्यक्रम मां कौशल्या धाम पाटेश्वर में आयोजित करने की घोषणा की गई। संत श्री राम बालक दास ने बताया कि पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत 7 जून को मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन तथा 9 जून को साहू समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में प्रदेशभर के श्रद्धालुओं एवं समाजजनों को आमंत्रित किया गया है।






### बघमरा में कल जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बालोद विकासखंड के ग्राम बघमरा में सोमवार 08 जून को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि पूर्व में ग्राम बघमरा में जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि 29 मई को निर्धारित की गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए सोमवार 08 जून को हाईस्कूल प्रागंण बघमरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज